करेंट अफेयर्स

06 अक्टूबर 2021

राज्य

1. एडयूर मिर्च और कुट्टियाट्टूर आम

चर्चा में क्यों - हाल ही में केरल के एडयूर मिर्च और कुट्टियाट्टूर आम को GI टैग प्रदान किया गया।

भौगोलिक संकेतक (GI – Geographical Indication) – किसी क्षेत्र विशेष के उत्पादों को जियोग्रॉफिल इंडीकेशन टैग (जीआई टैग) से खास पहचान मिलती है. यह किसी उत्पाद की गुणवत्ता और उसके अलग पहचान का सबूत है।

चंदेरी की साड़ी, कांजीवरम की साड़ी, दार्जिलिंग चाय और मलिहाबादी आम समेत अब तक 300 से ज्यादा उत्पादों को जीआई मिल चुका है।

यह भौगोलिक संकेतक (पंजीकरण और संरक्षण) अधिनियम 1999 के तहत विनियमित होते हैं।

2. दालचीनी

चर्चा में क्यों - इंस्टीट्यूट ऑफ हिमालयन बायोरिसोर्स टेक्नोलॉजी (Institute of Himalayan Bioresource Technology – IHBT) ने हिमाचल प्रदेश में पायलट आधार पर दालचीनी (cinnamon) की खेती शुरू की है।

दालचीनी का मूल उत्पादक - दालचीनी या सिनामोममवर्म (Cinnamomumverum) मुख्य रूप से श्रीलंका में उगाया जाता है,

अन्य उत्पादक - अन्य उत्पादक देशों में सेशल्स (Seychelles), मैडागास्कर (Madagascar) और भारत भी शामिल हैं।

दालचीनी – यह एक खास तरह की लकड़ी होती है, जो औषधिय गुणों से भरपूर होती है।

यह सिनेमामम (Cinnamon) नाम के पौधे के तने और शाखाओं की अंदरूनी छाल (परत) होती है।

अर्थव्यवस्था

3. मुंगेर

चर्चा में क्यों - मुंगेर शहर में लगभग 167 किमी सीवरेज नेटवर्क का जाल बिछाया जायेगा

बुडको - निर्माण कार्य करने वाली कंपनी

निर्माण कार्य की परियोजना - नमामि गंगे परियोजना के तहत निर्माण कार्य आरम्भ

अनुमानित लागत - 350 करोड़

4. सीनियर नेशनल ओपन गतका चैम्पियनशिप

आयोजन - पटियाला (पंजाब)

विशेष - इस चैम्पियनशिप में बिहार को तीन पदक प्राप्त हुए

चैम्पियनशिप में शामिल बिहार के कुल खिलाड़ी - 18

बिहार के पदक प्राप्त खिलाड़ी :

राहुल कुमार (मुजफ्फरपुर) - सीनियर कैटेगरी में कांस्य पदक

सौरव कुमार और ज्योति कुमारी - अंडर 25 कैटेगरी में कांस्य पदक

बिहार टीम के कोच - बिंदु कुमार

रक्षा/प्रतिरक्षा

5. हाइपरसोनिक मिसाइल

चर्चा में क्यों - रूस ने पहली बार परमाणु पनडुब्बी से हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया।

लॉन्चिंग तिथि - 4 अक्टूबर, 2021

मिसाइल का नाम - जिरकोन (Zircon)

लॉन्चिंग पनडुब्बी - सेवेरोडविंस्क

उपलब्धि - यह किसी पनडुब्बी से जिरकोन का पहला लांच था।

मिसाइल का महत्व - जिरकोन मिसाइल को रूसी क्रूजर, फ्रिगेट और पनडुब्बियों को मज़बूत बनाने के लिए विकसित किया गया है।

जिरकोन मिसाइल – यह मिसाइल एक स्क्रैमजेट पावर्ड, एंटी-शिप हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल है।

गति - ध्वनि की गति से 9 गुना तेज उड़ान भरने में सक्षम

मारक क्षमता - 1000 किलोमीटर

खेल

6. मनु भाकर

चर्चा में क्यों - भारतीय निशानेबाज मनु भाकर पेरू में आयोजित ISSF जूनियर विश्व चैम्पियनशिप में शीर्ष पोडियम पर पहुंचने के बाद से चर्चा में हैं।

स्पर्धा - उन्होंने व्यक्तिगत पिस्टल में स्वर्ण और मिश्रित टीम पिस्टल में सरबजोत सिंह के साथ स्वर्ण पदक जीता।

उपलब्धि - उनके योगदान ने भारत को चैंपियनशिप में पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने में मदद की है।

विविध (पुरस्कार)

7. चिकित्सा का नोबेल पुरस्कार

चर्चा में क्यों – वर्ष 2021 के लिए चिकित्सा के क्षेत्र में नोबेल पुरस्कार की घोषणा की गई।

पुरस्कार विजेताओं के नाम – डेविड जूलियस (David Julius) और अर्देम पटापाउटियन (Ardem Patapoutian, अमेरिका

खोज - जूलियस और पटापौटियन ने तापमान और स्पर्श के लिए रिसेप्टर्स की खोज की है।

सोमैटोसेंसेशन - जूलियस और पटापौटियन ने विज्ञान की जिस शाखा में अध्ययन किया है, उसे सोमैटोसेंसेशन कहा जाता है।

क्यों अहम है यह खोज? - आर्डम ने PIEZO1 और PIEZO2, दो मकैनिकल सेंसर्स की खोज की और पाया कि PIEZO2 स्पर्श को पहचानने के लिए अहम होता है।

दोनों की खोज ने स्पर्श के एहसास और सर्दी-गर्मी की समझ के पीछे के रहस्य को दुनिया के सामने लाकर रख दिया है।

यह हमारे महसूस करने, किसी चीज को पहचानने और उससे इंटरैक्ट करने की क्षमता के लिए बेहद अहम है।

डेविड जूलियस - न्यूयार्क में जन्मे डेविड जूलियस सैन फ्रांसिस्को की यूनिवर्सिटी आफ कैलिफोर्निया में कार्यरत हैं। जूलियस उन सेंसर्स की पहचान की है, जिनसे त्वचा अलग-अलग तापमान का अनुभव करती है। इनके कारण हम अलग-अलग तापमान पर अलग-अलग तरह से प्रतिक्रिया देते हैं।

एर्डम पटापौटियन - लेबनान में जन्मे एर्डम पटापौटियन कैलिफोर्निया के स्क्रिप्स रिसर्च इंस्टीट्यूट में कार्यरत हैं। पटापौटियन ने दाब का अनुभव कराने वाले सेंसर्स की पहचान की है। इनके कारण हम किसी चोट या दबाव का अंतर समझते हुए प्रतिक्रिया देते हैं।

नोबेल पुरस्कार - “विज्ञान, साहित्य और शांति” के लिए प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार स्वीडिश डायनामाइट आविष्कारक और व्यवसायी अल्फ्रेड नोबेल के नाम पर दिए जाते है। यह पुरस्कार 1901 से दिया जा रहा है।

विविध (नियुक्ति)

8. बीसी पटनायक

नियुक्ति - भारतीय जीवन बीमा निगम के प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्ति

उन्हें 5 जुलाई, 2021 को भारत सरकार की अधिसूचना द्वारा प्रबंध निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था।

पूर्व पद - बीमा लोकपाल परिषद, (Council for Insurance Ombudsmen – CIO) मुंबई के महासचिव पद पर पटनायक काम कर चुके है।

बीसी पटनायक - वह मार्च 1986 में एलआईसी ऑफ इंडिया में प्रत्यक्ष भर्ती अधिकारी के रूप में शामिल हुए थे।

9. आलोक सहाय

नियुक्ति - इंडियन स्टील एसोसिएशन (Indian Steel Association – ISA) के नए महासचिव और कार्यकारी प्रमुख पद पर नियुक्त

भास्कर चटर्जी - पूर्व महासचिव और कार्यकारी प्रमुख

आलोक सहाय – इन्हें भारतीय इस्पात प्राधिकरण (Steel Authority of India – SAIL) के इस्पात उद्योग में लगभग चार दशकों का अनुभव प्राप्त है।

10. गंगा नदी डॉल्फिन दिवस

आयोजन – प्रति वर्ष 5 अक्टूबर

उद्देश्य - भारत में गंगा नदी डॉल्फ़िन के संरक्षण को प्रोत्साहित करना और गंगा नदी डॉल्फिन दिवस जागरूकता बढ़ाना।

विशेष - 5 अक्टूबर, 2010 को गंगा डॉल्फिन को राष्ट्रीय जलीय जंतु घोषित किया गया था।

डॉल्फिन संरक्षण अभियान – वर्ष 2012 में वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर (WWF) और उत्तर प्रदेश सरकार ने संयुक्त रूप से देश में डॉल्फिन संरक्षण अभियान शुरू किया था।

डॉल्फ़िन का संरक्षण - गंगा की डॉल्फिन को भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की पहली अनुसूची के तहत शामिल किया गया है।

11. विश्व शिक्षक दिवस

आयोजन – प्रति वर्ष 5 अक्टूबर

प्रथम आयोजन वर्ष - 1994

उद्देश्य - दुनिया के शिक्षकों की सराहना, मूल्यांकन और सुधार पर ध्यान केंद्रित करना और शिक्षकों और शिक्षण से संबंधित मुद्दों पर विचार करने का अवसर प्रदान करना।

वर्ष 2021 की थीम - “शिक्षा सुधार के केंद्र में शिक्षक (Teachers at the heart of education recovery)” है।

करेंट अफेयर्स
एक नजर
06 अक्टूबर 2021

- भारतीय नौसेना ने किस बैंक के साथ मिलकर विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य पर NAV-eCash कार्ड लॉन्च किया है – भारतीय स्टेट बैंक
- उपराष्ट्रपति वेंकैया नायडू ने किस स्थान पर महाबाहु ब्रह्मपुत्र नदी विरासत केंद्र का उद्घाटन किया – गुवाहाटी (असम)
- केंद्रीय मंत्री मनसुख मंडाविया ने किस राज्य से ड्रोन द्वारा COVID-19 वैक्सीन की डिलीवरी लांच की है - मणिपुर (बिष्णुपुर जिला)
- हाल ही में घनश्याम नायक का कैंसर से निधन हो गया, वह किस धारावाहिक के चर्चित कलाकार थे - तारक मेहता का उल्टा चश्मा
- हाल ही में अबी अहमद ने अपने दूसरे कार्यकाल के लिए किस देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली - इथियोपिया
- दक्षिण कोरिया (पुरुष) और जापान (महिला) ने टीम स्पर्धाओं में किस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता - एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप (दोहा में आयोजित)
- दोहा में आयोजित एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप में भारत ने पुरुष युगल में कितने पदक जीते - दो कांस्य पदक
- विश्व अंतरिक्ष सप्ताह 4 से 10 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है, जिसकी थीम है - “अंतरिक्ष में महिलाएं”